**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

Test Booklet Series

**B**

Serial No. 101250

# SCREENING TEST – 2010

## SUBJECT : HINDI

*Time Allowed : **Two Hours***

*Maximum Marks : **120***

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE RESPONSE SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on this Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything* else on the Test Booklet.

   Your Roll No. ..............................................................

4. This Booklet contains **120** items (questions). Each item comprises four response (answers). You will select one response which you want to mark on the Respons Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. In case you find any discrepency, in this test booklet in any question(s) or the Responses, a written representation explaining the details of such alleged discrepency, be submitted within three days, indicating the Question No(s) and the Test Booklet Series, in which the discrepency is alleged. Representation not received within time shall not be entertained at all.
6. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Response Sheet provided. See directions in the Response Sheet.
7. All items carry equal marks. Attempt ***ALL*** items. Your total marks will depend only on the number of correct responses marked by you in the Response Sheet.
8. Before you proceed to mark in the Response Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Response Sheet as per instructions sent to you with your Admit Card and Instructions.
9. While writing Centre, Subject, and Roll No. on the top of the Response Sheet in appropriate boxes use **"ONLY BALL POINT PEN"**.
10. After you have completed filling in all your response on the Response Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator only the Response Sheet. You are permitted to take away with you the Test Booklet.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

(For Rough Work)

# Screening Test–2010

## SUBJECT : HINDI

*Time Allowed : Two Hours]* *[Max. Marks : 120*

1. काल विभाजन एवं नामकरण का प्रथम प्रयास किसने किया ?
   (a) ग्रियर्सन
   (b) शिव सिंह सेंगर
   (c) रामचन्द्र शुक्ल
   (d) मिश्रबन्धु

2. किसने जनता की चित्तवृत्तियों के परिवर्तन को काल विभाजन का मुख्य आधार माना है ?
   (a) गार्सां द तासी
   (b) रामकुमार वर्मा
   (c) रामचन्द्र शुक्ल
   (d) ग्रियर्सन

3. वीरगाथा काल को 'संधिकाल एवं चारण काल' किसने नाम दिया ?
   (a) ग्रियर्सन
   (b) रामकुमार वर्मा
   (c) हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (d) डॉ० रसाल

4. कौन-सा रासोकाव्य 'आल्हखण्ड' के नाम से भी प्रचलित है ?
   (a) हम्मीर रासो
   (b) बीसलदेव रासो
   (c) खुमाण रासो
   (d) परमाल रासो

5. 'कीर्तिलता' किसकी रचना है ?
   (a) अमीर खुसरो
   (b) मुल्ला दाऊद
   (c) विद्यापति
   (d) दामोदर शर्मा

6. 'विनयपत्रिका' किसकी रचना है ?
   (a) सूरदास
   (b) मलूकदास
   (c) तुलसीदास
   (d) केशवदास

7. उत्तर भारत में रामभक्ति का प्रवर्तन किस आचार्य ने किया ?
   (a) रामानंद
   (b) वल्लभाचार्य
   (c) निम्बार्काचार्य
   (d) रामानुजाचार्य

8. 'रामचन्द्रिका' के रचनाकार का नाम बताइये :
   (a) केशवदास
   (b) ईश्वरदास
   (c) अग्रदास
   (d) नाभादास

9. रामभक्ति में रसिक-भावना का समावेश किस कवि ने किया ?
   (a) जीवाराम
   (b) रामचरण दास
   (c) अग्रदास
   (d) किशोरी शरण

10. 'रामचरित मानस' में कितने काण्ड हैं ?
    (a) 5
    (b) 9
    (c) 8
    (d) 7

P. T. O.

11. उपमा के कितने अंग हैं ?
(a) 4
(b) 5
(c) 3
(d) 2

12. जहाँ पर प्रधान रूपक किसी दूसरे रूपक पर अवलम्बित होता है और वह बिना दूसरे रूपक के स्पष्ट नहीं होता, उसे क्या कहते हैं ?
(a) सांग रूपक
(b) अभेद रूपक
(c) परम्परित रूपक
(d) निरंग रूपक

13. 'सोहत ओढ़े पीतपट, स्याम सलोने गात।
मनों नीलमनि सैल पर, आतप पर्‌यो प्रभात।।'
इसमें कौन-सा अलंकार है ?
(a) यमक
(b) उपमा
(c) प्रतीप
(d) उत्प्रेक्षा

14. जहाँ किसी वस्तु को देखकर साम्य के कारण दूसरी वस्तु का संशय हो जाता है, पर निश्चय नहीं होता, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है ?
(a) संदेह
(b) भ्रान्तिमान
(c) प्रतीप
(d) अनन्वय

15. "नाक का मोती अधर की कांति से,
बीज दाड़िम का समझ कर भ्रांति से,
देख कर सहसा हुआ शुक मौन है,
सोचता है अन्य शुक यह कौन है।"
इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?
(a) भ्रांतिमान
(b) संदेह
(c) रूपक
(d) विरोधाभास

16. जो अलंकार शब्द और अर्थ, दोनों के आश्रित रह कर दोनों को चमत्कृत करते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?
(a) शब्दालंकार
(b) अलंकार्य
(c) उभयालंकार
(d) अर्थालंकार

17. काव्यशास्त्र में वीर रस के कितने भेद माने जाते हैं ?
(a) तीन
(b) चार
(c) दो
(d) पाँच

18. किस रस को रसराज माना जाता है ?
(a) भक्ति
(b) श्रृंगार
(c) शान्त
(d) वीर

19. कौन-सा रस श्रृंगार रस का विरोधी नहीं बल्कि मित्र है ?
(a) रौद्र
(b) हास्य
(c) वीर
(d) शान्त

20. "वाक्यं रसात्मकं काव्यम्" – यह किसकी दी हुई परिभाषा है ?
(a) विश्वनाथ
(b) मम्मट
(c) जगन्नाथ
(d) भामह

21. निम्नलिखित में से कौन महाकाव्य का आधारभूत तत्त्व ***नहीं*** है ?

(a) महान् कथानक

(b) महान् चरित्र

(c) महान् सन्देश

(d) महान् छन्द

22. 'यदि प्रबन्ध काव्य एक विस्तृत वनस्थली है तो मुक्तक एक चुना हुआ गुलदस्ता है।' यह किसका कथन है ?

(a) रामचन्द्र शुक्ल

(b) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(c) नगेन्द्र

(d) गुलाबराय

23. निम्नलिखित में से कौन प्रबन्ध काव्य का भेद ***नहीं*** है ?

(a) महाकाव्य

(b) चम्पू काव्य

(c) खण्ड काव्य

(d) एकार्थ काव्य

24. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' रचित 'तुलसीदास' काव्य की किस श्रेणी में आता है ?

(a) महाकाव्य

(b) मुक्तक काव्य

(c) खण्ड काव्य

(d) गीतिनाट्य

25. 'काव्य के एक अंश का अनुसरण करने वाला खण्ड काव्य होता है।' यह अभिमत किस संस्कृत आचार्य का है ?

(a) दण्डी

(b) विश्वनाथ

(c) भामह

(d) रूद्रट

26. संचारी भावों की संख्या कितनी मानी गयी है ?

(a) 34

(b) 33

(c) 35

(d) 36

27. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन-सा भाव है :

"माखे लखन कुटिल भई भौंहैं।
रद-पट फरकत नयन रिसौहैं।।
रघुवंसिन्ह महँ जहँ कोउ होई।
तेहि समाज अस कहइ न कोई।।"

(a) क्रोध

(b) उत्साह

(c) भय

(d) विस्मय

28. हास्य रस का स्थायी भाव है :

(a) परिहास

(b) हास

(c) उपहास

(d) विलास

29. 'काव्यशोभाकरान् धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते' अलंकार विषयक यह कथन किसका है ?

(a) भामह

(b) वामन

(c) दण्डी

(d) रुद्रट

30. सर्वप्रथम अलंकारों का वैज्ञानिक वर्गीकरण किसने किया ?

(a) रुद्रट

(b) भरतमुनि

(c) दण्डी

(d) भामह

31. कौन-सा अलंकार विरोधमूलक अलंकारों की श्रेणी में ***नहीं*** आता है ?

(a) विभावना

(b) विशेषोक्ति

(c) असंगति

(d) उत्प्रेक्षा

32. कौन-सा अलंकार साम्यमूलक अलंकारों की कोटि में ***नहीं*** आता ?

(a) तद्‌गुण

(b) प्रतीप

(c) उपमा

(d) रूपक

33. 'सुबरन को खोजत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर।' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(a) उपमा

(b) श्लेष

(c) यमक

(d) रूपक

34. 'मैं सुकुमारि नाथ बन जोगू।
तुम्हहिं उचित तप मो कहुँ भोगू।।'
इसमें कौन-सा अलंकार है ?

(a) संदेह

(b) रूपक

(c) काकुवक्रोक्ति

(d) दीपक

35. जहाँ प्रस्तुत और अप्रस्तुत में एक ही धर्म स्थापित किया जाय वहाँ कौन-सा अलंकार होता है ?

(a) रूपक

(b) दीपक

(c) उत्प्रेक्षा

(d) प्रतीप

36. व्युत्पत्ति के आधार पर सार्थक शब्दों के कितने भेद होते हैं ?

(a) चार

(b) दो

(c) पाँच

(d) तीन

37. कौन-सा शब्द योगरूढ़ है ?

(a) गाय

(b) नाक

(c) पंकज

(d) विद्यालय

38. ऐसे शब्द जो प्रकृति और प्रत्यय के योग से बनते हैं और जिनके यदि खण्ड किये जाएँ तो उन खण्डों के अर्थ भी सरलता से किये जा सकते है, ऐसे शब्दों को कहते है :

(a) रूढ़

(b) यौगिक

(c) पर्यायवाची

(d) योगरूढ़

39. कौन-सा शब्द तत्सम ***नहीं*** है ?

(a) दूध

(b) दण्ड

(c) पुष्प

(d) अस्थि

40. कौन-सा शब्द वाक्यांश का सही अर्थ बोध *नहीं* कराता ?

(a) जो देने योग्य न हो – अदेय

(b) जो खाने योग्य न हो – अभक्ष्य

(c) दो बार जन्म लेने वाला – द्विज

(d) जो सबमें व्याप्त है – व्यापक

41. कौन-सा शब्द विदेशी भाषा से हिन्दी में आया है ?

(a) सखा

(b) भार्या

(c) लिफाफा

(d) अभियंता

42. कौन-सा शब्द संकर शब्द ***नहीं*** है ?

(a) पावरोटी

(b) दरवाजा

(c) रेलगाड़ी

(d) टिकटघर

43. जिन शब्दों के रूपों में लिंग, वचन, कारक के अनुसार परिवर्तन होता है उन्हें क्या कहते हैं ?

(a) विकारी शब्द

(b) मिश्रित शब्द

(c) रूढ़ शब्द

(d) देशज शब्द

44. 'टेलिविज़न' शब्द किस भाषा से हिन्दी में आया है ?

(a) जर्मन

(b) पुर्तगाली

(c) जापानी

(d) अंग्रेजी

45. कौन-सा शब्द तद्भव ***नहीं*** है ?

(a) खेत

(b) हाथ

(c) काम

(d) हरित

46. साहित्य शास्त्र में 'रस' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में हुआ है ?

(a) रसायन

(b) काव्यास्वाद

(c) ब्रह्मानन्द

(d) इन्द्रिय सुख

47. भरतमुनि के रस-सूत्र में किन दो शब्दों को लेकर परवर्ती आचार्यों में मतभेद रहा है ?

(a) 'संयोग', 'निष्पत्ति'

(b) 'विभाव', 'अनुभाव'

(c) 'विभाव', 'व्यभिचारी'

(d) 'अनुभाव', 'व्यभिचारी'

48. भावों का प्रत्यय बोध कराने वाली, आश्रय की चेष्टाएँ क्या कहलाती हैं ?

(a) विभाव

(b) संचारी भाव

(c) अनुभाव

(d) स्थायी भाव

49. भट्टनायक ने रसानुभूति की किन तीन अवस्थाओं का वर्णन किया है ?

(a) आलम्बन, सहृदय, मधुमती भूमिका।

(b) कवितत्व, दोषदर्शन, भावाभिव्यक्ति क्षमता।

(c) कवि, पाठक, भाव।

(d) अभिधा, भावकत्व, भोजकत्व।

50. किस रस का स्थायीभाव गलत है ?

(a) रौद्र – क्रोध

(b) वीभत्स – जुगुप्सा

(c) अद्भुत – भय

(d) शान्त – निर्वेद

51. 'छायावाद' को 'छायावाद' नाम किसने दिया ?

(a) जयशंकर प्रसाद

(b) महादेवी वर्मा

(c) मुकुटधर पाण्डेय

(d) सुमित्रानन्दन पंत

52. 'छायावाद' की प्रमुख प्रवृत्ति *नहीं* है :

(a) प्रकृति का मानवीकरण

(b) वर्ग संघर्ष

(c) सौन्दर्यानुभूति

(d) मानवतावादी दृष्टि

53. छायावाद को 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' किसने कहा ?

(a) नन्द दुलारे वाजपेयी

(b) रामकुमार वर्मा

(c) रामचन्द्र शुक्ल

(d) डॉ० नगेन्द्र

54. 'कामायनी' किस कवि की रचना है ?

(a) जयशंकर प्रसाद

(b) रामधारी सिंह दिनकर

(c) मैथिलीशरण गुप्त

(d) सुमित्रानन्दन पंत

55. पंत जी की किस रचना को उनका अन्तिम छायावादी काव्य-संग्रह माना जाता है ?

(a) ग्रंथि

(b) पल्लव

(c) गुंजन

(d) वीणा

56. प्रगतिवाद की समय-सीमा कब से कब तक मानी गयी है ?

(a) 1936-1942 ई०

(b) 1920-1936 ई०

(c) 1940-1950 ई०

(d) 1918-1936 ई०

57. प्रगतिवाद पर किस विचारधारा का सर्वाधिक प्रभाव पड़ा है ?

(a) मार्क्सवाद

(b) अस्तित्ववाद

(c) रोमांटिसिज़्म

(d) अतियथार्थवाद

58. केदारनाथ अग्रवाल किस धारा के कवि हैं ?

(a) छायावादी

(b) प्रगतिवादी

(c) उत्तर आधुनिकतावादी

(d) प्रयोगवादी

59. कौन-सा कवि प्रगतिवादी *नहीं* है ?

(a) त्रिलोचन

(b) शिवमंगल सिंह सुमन

(c) रांगेय राघव

(d) धर्मवीर भारती

60. 'बादल को घिरते देखा है' किसकी कविता है ?

(a) केदारनाथ अग्रवाल

(b) रामविलास शर्मा

(c) नागार्जुन

(d) त्रिलोचन

61. हिन्दी भक्ति साहित्य की निर्गुण भक्ति काव्यधारा की ज्ञानमार्गी शाखा के प्रतिनिधि कवि कौन हैं ?

(a) कबीरदास

(b) सुन्दरदास

(c) रज्जबदास

(d) मलूकदास

62. 'कबीरदास की वाणी वह लता है जो योग के क्षेत्र में भक्ति का बीज पड़ने से अंकुरित हुई थी।' यह कथन किसका है ?

(a) रामचन्द्र शुक्ल

(b) नामवर सिंह

(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(d) राम विलास शर्मा

63. 'प्रभुजी तुम चंदन हम पानी।
जाकी अँग-अँग बास समानी।।'
ये पंक्तियाँ किस संत कवि की हैं ?

(a) रैदास

(b) रज्जबदास

(c) नानक

(d) दादूदयाल

64. 'जपुजी' किसकी रचना है ?

(a) गुरुनानक

(b) गुरु अर्जुन देव

(c) गुरु गोविन्द सिंह

(d) गुरु तेग बहादुर

65. 'मैं उपन्यास को मानव चरित्र का चित्र मात्र समझता हूँ। मानव चरित्र पर प्रकाश डालना और उसके रहस्य को खोलना ही उपन्यास का मूल तत्त्व है।' यह परिभाषा किसकी है ?

(a) श्यामसुन्दर दास

(b) बाबू गुलाबराय

(c) प्रेमचन्द

(d) रामचन्द्र शुक्ल

66. हिन्दी का प्रथम उपन्यास कौन-सा माना जाता है ?

(a) नूतन ब्रह्मचारी

(b) परीक्षागुरु

(c) श्यामास्वप्न

(d) त्यागपत्र

67. कौन-सा उपन्यास आंचलिक है ?

(a) कब तक पुकारूँ

(b) राग दरबारी

(c) मानस का हंस

(d) आवाँ

68. 'उपन्यास एक शाखा-प्रशाखावाला विशाल वृक्ष है, जबकि कहानी एक सुकुमार लता।' यह किसका कथन है ?

(a) रामचन्द्र शुक्ल

(b) श्यामसुन्दर दास

(c) गुलाबराय

(d) हजारी प्रसाद द्विवेदी

69. प्रेमचन्द्र का कौन-सा उपन्यास "ग्रामीण संस्कृति का महाकाव्य" कहा जाता है ?

(a) गोदान

(b) प्रेमाश्रम

(c) रंगभूमि

(d) सेवासदन

70. 'नई कहानी' आन्दोलन लगभग किस वर्ष आरम्भ हुआ ?

(a) 1957 ई०

(b) 1970 ई०

(c) 1940 ई०

(d) 1930 ई०

**71.** हिन्दी ने किस विदेशी भाषा की ध्वनियों को अपना लिया है ?

(a) तिब्बती

(b) चीनी

(c) जापानी

(d) अरबी-फारसी

**72.** पूर्वी हिन्दी की कितनी बोलियाँ हैं ?

(a) तीन

(b) चार

(c) पाँच

(d) सात

**73.** पश्चिमी हिन्दी की बोली ***नहीं*** है :

(a) ब्रजभाषा

(b) बुन्देली

(c) कन्नौजी

(d) मेवाती

**74.** बघेली बोली का सम्बन्ध किस उपभाषा से है ?

(a) बिहारी

(b) राजस्थानी

(c) पूर्वी हिन्दी

(d) पश्चिमी हिन्दी

**75.** 'मगही' बोली किस क्षेत्र में बोली जाती है ?

(a) उत्तरांचल

(b) बिहार

(c) पश्चिमी उत्तर प्रदेश

(d) मध्य प्रदेश

**76.** पूर्वी उत्तर प्रदेश में कौन-सी बोली मुख्य रूप से बोली जाती है ?

(a) भोजपुरी

(b) ब्रजभाषा

(c) मारवाड़ी

(d) हरियाणवी

**77.** हिन्दी की किस बोली में विभक्ति चिह्न 'ने' का प्रयोग ***नहीं*** होता है ?

(a) हरियाणवी

(b) बुन्देली

(c) खड़ी बोली

(d) अवधी

**78.** किस बोली का दूसरा नाम 'हरियाणवी' है ?

(a) बाँगरू

(b) बुन्देली

(c) खड़ी बोली

(d) कन्नौजी

**79.** 'बाँगरू' कहाँ बोली जाती है ?

(a) बिहार – उत्तर प्रदेश

(b) हरियाणा – दिल्ली

(c) उत्तर प्रदेश – मध्य प्रदेश

(d) उत्तरांचल – हिमाचल प्रदेश

**80.** राजस्थानी हिन्दी की बोली ***नहीं*** है :

(a) मैथिली

(b) मारवाड़ी

(c) मालवी

(d) मेवाती

**81.** 'वाक्य' के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(a) भाषा की पूर्ण सार्थक इकाई है।

(b) इनमें पूर्ण अर्थ की प्रतीति होती है।

(c) व्याकरणिक दृष्टि से पूर्णता होती है।

(d) इनमें पदों का कोई महत्त्व नहीं है।

**82.** पूर्ण भावाभिव्यक्ति के लिए वाक्य में कौन-सा तत्व आवश्यक ***नहीं*** है ?

(a) योग्यता

(b) आकांक्षा

(c) निरर्थकता

(d) अन्विति

**83.** निम्नलिखित में से कौन रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार ***नहीं*** है ?

(a) साधारण वाक्य

(b) योगात्मक वाक्य

(c) मिश्रित वाक्य

(d) संयुक्त वाक्य

**84.** जब दो या अधिक सरल वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य बना देते हैं तो उस एक वाक्य में जो वाक्य मिले होते हैं उन्हें क्या कहते हैं ?

(a) उपवाक्य

(b) मिश्र वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य

(d) जटिल वाक्य

**85.** वाक्य रचना में परिवर्तन का कारण कौन ***नहीं*** है ?

(a) अन्य भाषाओं का प्रभाव

(b) विभक्तियों का घिस जाना

(c) नवीनता की प्रवृत्ति

(d) ग्रिम नियम

**86.** भारतीय आर्य भाषाओं का सही विकास क्रम बताइये :

(a) प्राकृत > पालि > संस्कृत > अपभ्रंश

(b) संस्कृत > अपभ्रंश > पालि > प्राकृत

(c) संस्कृत > पालि > प्राकृत > अपभ्रंश

(d) पालि > संस्कृत > अपभ्रंश > प्राकृत

**87.** पूर्वी हिन्दी का विकास अपभ्रंश के किस रूप में जाना जाता है ?

(a) शौरसेनी

(b) अर्ध मागधी

(c) मागधी

(d) पैशाची

**88.** कौन-सी ध्वनि महाप्राण है ?

(a) क

(b) ट

(c) त

(d) छ

**89.** आदिकाल के किस कवि की भाषा साहित्यिक हिन्दी के निकट है ?

(a) अमीर खुसरो

(b) सरहपा

(c) चन्दबरदायी

(d) विद्यापति

**90.** हिन्दी भाषा की उत्पत्ति का काल कब से माना जाता है ?

(a) 500 ई०

(b) 1500 ई०

(c) 1000 ई०

(d) 2000 ई०

**91.** हिन्दी का उल्लेख संविधान की किस अनुसूची में है ?

(a) सातवीं

(b) आठवीं

(c) पाँचवीं

(d) नौवीं

**92.** इनमें कौन-सा हिन्दी का रूप ***नहीं*** है ?

(a) हिन्दुस्तानी

(b) दक्खिनी हिन्दी

(c) रेख्ता

(d) लहँदा

93. निम्नलिखित भाषाओं में से 'हिन्दी की ही एक शैली' किसे कहा जाता है ?

(a) उर्दू को

(b) पश्तो को

(c) फारसी को

(d) अरबी को

94. हिन्दी की विशिष्ट बोली अवधी किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है ?

(a) राष्ट्रभाषा

(b) तकनीकी भाषा

(c) काव्य भाषा

(d) राजभाषा

95. हिन्दी पर किस विदेशी भाषा का सर्वाधिक प्रभाव पड़ रहा है ?

(a) रूसी का

(b) अंग्रेजी का

(c) फ्रैंच का

(d) जर्मन का

96. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?

(a) मुझसे यह काम हो सकना सम्भव नहीं होता।

(b) मुझसे यह काम होना सम्भव नहीं है।

(c) मुझसे यह काम हो सकना सम्भव नहीं होता है।

(d) मुझसे यह काम होना सम्भव नहीं हो सकेगा।

97. 'जो गरीबों की सहायता करते हैं वे धर्मात्मा होते हैं।' किस प्रकार का वाक्य है ?

(a) सरल वाक्य

(b) संयुक्त वाक्य

(c) मिश्र वाक्य

(d) इनमें से कोई नहीं

98. 'राम खा चुका'। अर्थ के आधार पर किस प्रकार का वाक्य है ?

(a) विधिवाचक

(b) आज्ञावाचक

(c) संकेतवाचक

(d) इच्छावाचक

99. वह हथियार जिसका प्रयोग हाथ में लेकर किया जाता है :

(a) अस्त्र

(b) आयुध

(c) कवक

(d) शस्त्र

100. किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है ?

(a) ज्योत्स्ना

(b) प्रव्रज्या

(c) मुमूक्षु

(d) परिद्रष्टा

101. भाषा की उत्पत्ति से सम्बन्धित सिद्धान्त *नहीं* है :

(a) अनुकरण सिद्धान्त

(b) विरेचन सिद्धान्त

(c) श्रम-ध्वनि सिद्धान्त

(d) आवेग सिद्धान्त

102. भाषा की उत्पत्ति से सम्बन्धित 'सम्पर्क सिद्धान्त' के प्रतिपादक का नाम है :

(a) जी० रेवेज

(b) न्यारे

(c) प्लेटो

(d) रूसो

**103.** भाषा की उत्पत्ति से सम्बन्धित सभी सिद्धान्त :

(a) तर्क पर आधारित हैं।

(b) सत्य पर आधारित हैं।

(c) अनुमान पर आधारित हैं।

(d) विज्ञान की कसौटी पर परखे गए हैं।

**104.** भाषा के योगात्मक वर्गीकरण का भेद ***नहीं*** है :

(a) श्लिष्ट

(b) अश्लिष्ट

(c) प्रश्लिष्ट

(d) संश्लिष्ट

**105.** "भाषा मानव-मुखोच्चरित यादृच्छिक ध्वनि-प्रतीकों की वह व्यवस्था है, जिसके द्वारा एक विशिष्ट समाज के लोग परस्पर विचार-विनियम करते हैं।" यह परिभाषा किसकी है ?

(a) बाबूराम सक्सेना

(b) देवेन्द्रनाथ शर्मा

(c) भोलानाथ तिवारी

(d) श्यामसुन्दर दास

**106.** भारत में भाषाशास्त्र की सर्वांगीण व्याख्या सर्वप्रथम किसने की ?

(a) कात्यायन

(b) पतंजलि

(c) पाणिनि

(d) भट्टोजि दीक्षित

**107.** अयोगात्मक वर्ग की भाषा ***नहीं*** है :

(a) तुर्की

(b) चीनी

(c) सूडानी

(d) बर्मी

**108.** 'हिन्दी' किस परिवार की भाषा है ?

(a) द्राविड़ परिवार

(b) भारोपीय परिवार

(c) बास्क परिवार

(d) बन्तू परिवार

**109.** इनमें से कौन भाषा वैज्ञानिक ***नहीं*** है ?

(a) याकोब ग्रिम

(b) ब्लूम फील्ड

(c) भोलानाथ तिवारी

(d) डॉ० नगेन्द्र

**110.** 'केन्तुम्' और 'सतम्' क्या हैं ?

(a) भारोपीय परिवार की भाषाओं के वर्ग

(b) अमरीकी परिवार की दो भाषाएँ

(c) पापुई परिवार की दो बोलियाँ

(d) चीनी परिवार की भाषाओं के वर्ग

**111.** कवि का स्त्रीलिंग बताइये :

(a) कवयित्री

(b) कवित्री

(c) लेखिका

(d) कवियत्री

**112.** पुल्लिंग का चयन कीजिए :

(a) वेदना

(b) भूख

(c) नाक

(d) नेत्र

**113.** 'हिमालय से गंगा निकलती है।' वाक्य में कौन-सा कारक है ?

(a) कर्म कारक

(b) अपादान कारक

(c) अधिकरण कारक

(d) कर्त्ता कारक

**114.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द सदा बहुवचन में प्रयुक्त होता है ?

(a) भक्ति

(b) शिशु

(c) प्राण

(d) पुस्तक

115. 'नाविक' में कौन-सी संधि है ?

(a) गुण

(b) व्यंजन

(c) वृद्धि

(d) अयादि

116. 'यशोदा' का संधि-विच्छेद है :

(a) यशो + दा

(b) यश + ओदा

(c) य + शोदा

(d) यशः + दा

117. निम्नलिखित में से उपसर्ग रहित शब्द कौन-सा है ?

(a) अत्यधिक

(b) सुरेश

(c) दुर्लभ

(d) अनुज

118. निम्नलिखित में से प्रत्यय रहित शब्द कौन-सा है ?

(a) लता

(b) बनावट

(c) ममता

(d) कुलीनता

119. निम्नलिखित में से किस शब्द का विलोम सही *नहीं* है ?

(a) स्थावर-जंगम

(b) विधि-निषेध

(c) विज्ञ-अज्ञ

(d) अतिथि-तिथि

120. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'अश्व' का पर्यायवाची *नहीं* है ?

(a) हय

(b) कुरंग

(c) वाजि

(d) घोटक